**वाणिज्यिक न्यायालय, बरेली।**
**निष्पादनवाद संख्या–122/2022**
**मैसर्स एल.ई. एवं एम. डब्ल्यू वर्क्स आदि**
**बनाम**
**भारत संचार निगम लिमिटेड**

---

**04.06.2026**

वाद पेश हुआ। डिक्रीदार के विद्वान अधिवक्ता उपस्थित हैं तथा निर्णीतऋणी अनुपस्थित है। डिक्रीदार की ओर से प्रार्थना पत्र 28ग इस आशय का दिया गया है कि न्यायालय के खाते में प्राप्त हुई धनराशि डिक्रीदार संख्या–1 व 2 के खाते में स्थानान्तरित की जाये। प्रार्थना पत्र में डिक्रीदार संख्या–1 के खाते में धनराशि–30,61,996.66/–रूपये तथा डिक्रीदार संख्या–2 के खाते में धनराशि–17,17,129,64/–रूपये ट्रान्सफर करने की याचना की है। प्रार्थना पत्र के साथ शपथपत्र 29ग दाखिल किया गया है जिसमें कहा गया है कि इस प्रकरण में कोई अपील, रिवीजन व रिट पेडिंग नहीं है, न ही कोई स्थगन माननीय उच्च न्यायालय से है। शपथपत्र में यह भी कहा गया कि धनराशि का भुगतान करने के बाद वाद की कार्यवाही पूर्ण सन्तुष्टि में समाप्त की जाये।

कार्यालय की आख्या आहूत की गयी। कार्यालय की आख्या के अनुसार न्यायालय के खाते में धनराशि–47,79,126,30/–(सैंतालिस लाख उनासी हजार एक सौ छब्बीस रूपये तीस पैसे) जमा है जो निर्णीतऋणी के खाते से प्राप्त हुए हैं।

निर्णीतऋणी की ओर से कोई उपस्थित नहीं है और न ही कोई आपत्ति दाखिल की गयी है। प्रार्थना पत्र 28ग स्वीकार किया जाता है।

डिक्रीदार द्वारा इस आशय का अण्डरटेंकिग दाखिल करने पर कि यदि कोई आदेश माननीय उच्च न्यायालय का धनराशि वापसी के संबंध में होता है तो वह उस आदेश के अनुपलान में धनराशि वापस करेगा। डिक्रीदार संख्या–1 मैसर्स एल.ई. एण्ड एम.डब्ल्यू. वर्क्स, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा Mathura Cantonment, District Mathura IFS CODE : UBIN0551872 के खाता संख्या–518701010100476 में धनराशि–30,61,996.66/–(तीस लाख इकसठ हजार नौ सौ छियानबे रूपये छाछठ पैसे) तथा डिक्रीदार संख्या–2 EASTERN ENGINES AND MACHINES, यूनयिन बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा Mathura Cantonment, District Mathura IFS CODE : UBIN0551872 खाता संख्या–518701010100531 में धनराशि–17,17,129.64/–(सत्रह लाख सत्रह हजार एक सौ उनतीस रूपये चौसठ पैसे) स्थानान्तरित किये जाये। धनराशि स्थानान्तरित के बाद वाद की कार्यवाही पूर्ण सन्तुष्टि में समाप्त की जाती है।

पीठासीन अधिकारी,
वाणिज्यिक न्यायालय,
बरेली।

Digitally signed by SHAHID RAZA
Date: 2026.06.04 15:31:22 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court